सेवा में,

सर्किल हेड,
ग्लोबटेक किएशन प्रा0 लि0,
जनपद प्रतापगढ़।

विषय – दिनांक 29.03.2024 को प्राप्त स्पष्टीकरण नोटिस के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि प्रार्थी राजेश कुमार पुत्र ननकू राम निवासी उडी का डीह वर्तमान में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सराय भीमसेन में लाइनमैन पद पर कार्यरत है। आपको अवगत कराना है कि श्रीमान अधिशासी अभियंता महोदय द्वारा दिनांक 27.03.2024 को विद्युत उपकेन्द्र का निरीक्षण किया गया था, उक्त दिवस में प्रार्थी को अवर अभियंता महोदय द्वारा आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों व कराये जाने वाले कार्यों के सर्वे के लिए संबंधित कार्यदायी संस्था के सर्वेयर के साथ भेजा गया था जिसके कारण प्रार्थी द्वारा दिनांक 27.03.2024 को लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व की वसूली की जा सकी। उसके बाद के दिनों में प्रार्थी द्वारा प्रतिदिन लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है एवं भविष्य में भी उच्चाधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार विभागीय कार्यों व राजस्व वसूली का कार्य किया जायेगा।

अतः आपसे निवेदन है कि प्रार्थी का स्पष्टीकरण स्वीकार करते हुये कार्यों व अधिकारों पर लगी रोक को समाप्त करने का कष्ट करें।

राजेश कुमार
प्रार्थी
राजेश कुमार
33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र
सराय भीमसेन

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम जेठवारा, प्रतापगढ़।
2. अवर अभियंता, 33/11 के0वी0 विद्युत वितरण उपकेन्द्र सराय भीमसेन।

To SDO Jethwara
Forward for further action.
JE SBS

Globtech Co. Pvt. Ltd.
Work found satisfactory, revoke suspension immediately & release payment.
SDO-Jethwara.